पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ किया, प्रदेशवासियों की ओर से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया**

**सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी**

**प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से गांधी जयन्ती 02 अक्टूबर, 2025 तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा : मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री जी की सफलतम यात्रा–गाथा को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया गया, समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए उनका जीवन प्रेरणादायी**

**नए भारत ने विगत 11 वर्षों में अर्थव्यवस्था, विरासत, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेन्ट, इम्प्लॉयमेन्ट, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास, जल संसाधन सहित अन्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर नए कीर्तिमान स्थापित किए**

**समस्त जनपदों में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान प्रारम्भ किया जा रहा**

**वंचित को वरीयता देने के सूत्र वाक्य ने विगत 11 वर्षों में देश में लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उबारने में मदद की**

**कोरोना महामारी के मात्र 09 महीने में 02 वैक्सीन बनाकर भारतवासियों को बचाने का कार्य किया**

**कोविड कालखण्ड में भारत ने मित्र देशों के संकट का साथी बनकर विश्व के समक्ष मिसाल प्रस्तुत की**

**सेवा पखवाड़े में 'विकसित भारत विकसित उ0प्र0' तथा 'आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उ0प्र0' से सम्बन्धित गोष्ठी, स्वच्छता कार्यक्रम, नमो मैराथन आयोजित होंगे**

**लखनऊ : 17 सितम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस पर उत्तर प्रदेशवासियों की ओर से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरा विश्व नए भारत का दर्शन कर रहा है। भारत पूरे विश्व को अपना अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रधानमंत्री जी जिन सूत्र वाक्यों के माध्यम से आमजन का ध्यान आकर्षित करते हैं, उनमें विस्तार तथा व्यापकता का भाव छिपा रहता है। यह भाव व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने तथा नई राह दिखाने का कार्य करता है।

मुख्यमंत्री आज यहां जी0पी0ओ0 स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रधानमंत्री जी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 'सेवा पखवाड़ा' का शुभारम्भ करने के उपरान्त आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व

एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। इसके पूर्व, उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से गांधी जयन्ती 02 अक्टूबर, 2025 तक 'सेवा पखवाड़ा' आयोजित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत स्वच्छता अभियान के साथ जनप्रतिनिधिगण तथा अधिकारीगण जुड़ेंगे। सेवा पखवाड़ा प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आयोजित किया जाएगा। इस पखवाड़े में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से जनपदवासियों को जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा 'विकसित उत्तर प्रदेश@2047' पर आधारित प्रदर्शनी प्रदेश के प्रत्येक जनपद में लगाई गई है। यह प्रदर्शनी 15 दिवसों तक आयोजित की जाएंगी, जिसका प्रत्येक व्यक्ति अवलोकन करते हुए प्रधानमंत्री जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं को आत्मसात कर सकता है। प्रधानमंत्री जी के बचपन से अब तक की सफलतम यात्रा–गाथा को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया गया है। समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए उनका जीवन प्रेरणादायी है। उनका विराट व्यक्तित्व एवं कृतित्व संघर्षों तथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करने की सीख देता हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नए भारत ने विगत 11 वर्षों में अर्थव्यवस्था, विरासत, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेन्ट, इम्प्लॉयमेन्ट, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास, जल संसाधन आदि विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। नये भारत में प्रत्येक क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। देश व प्रदेश में गरीब, किसान, नौजवान, उपेक्षित और वंचित को प्राथमिकता देते हुए लोगों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का कार्य किया जा रहा है। गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वंचित को वरीयता देने के सूत्र वाक्य ने विगत 11 वर्षों में देश में लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उबारने में मदद की है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में भारतवासी तथा भारत के बाहर रहने वाले भारतवंशी गौरव की अनुभूति कर आह्लादित होते हैं। वे भारत की विकास यात्रा में सहभागी बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डबल इंजन सरकार में विरासत का सम्मान केवल घोषणा मात्र नहीं, अपितु हकीकत साबित हुआ। अयोध्या में 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्रीरामलला का विराजमान होना, श्रीकाशी विश्वनाथ मन्दिर का श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के रूप में वैश्विक जगत को अपनी ओर आकर्षित करना, केदारनाथ तथा बद्रीनाथ धाम व 'महाकाल का महालोक' इसका साक्षी हैं। देश में विरासत से जुड़े स्थलों का पुनरूद्धार तथा सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर, सन्त रविदास, महर्षि वाल्मीकि एवं भारत की परम्परा में सामाजिक उद्धार तथा न्याय के लिए जीवन समर्पित करने वाले महापुरुषों से सम्बन्धित विभिन्न रचनात्मक कार्य किये गये हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना की विपरीत परिस्थितियों के दौरान जब सम्पूर्ण विश्व पस्त हो गया, तब प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत, कोविड प्रबन्धन का बेहतरीन उदाहरण देते हुए, विश्व के समक्ष एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत हुआ। उत्तर प्रदेश में इन्सेफेलाइटिस बीमारी से प्रत्येक वर्ष हजारों बच्चों की असमय मौत होती थी। लगभग 40 वर्षों में 50 हजार से अधिक बच्चे इस बीमारी से काल कवलित हुए। विश्व में 1905 ई0 में इसकी वैक्सीन बनी, किन्तु भारत में वैक्सीन को पहुंचने में 100 वर्ष से अधिक समय लगा।

सरकारें 100 वर्षों में वैक्सीन आयात नहीं कर पायी, वहीं प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कोरोना महामारी में मात्र 09 महीने में कोविड की 02 वैक्सीन बनाकर भारतवासियों को बचाने का कार्य किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोविड कालखण्ड में भारत ने मित्र देशों के संकट का साथी बन कर विश्व के समक्ष मिसाल प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री जी ने कोविड के दौरान दर्जनों मित्र देशों को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराकर कूटनीतिक दूरदर्शिता का बेहतरीन परिचय दिया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज से प्रत्येक जनपद में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच की जाएगी तथा उन्हें पोषण की जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक जनपद में ब्लड डोनेशन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 18 एवं 19 सितम्बर, 2025 को प्रत्येक जनपद के हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अन्तर्गत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य की जानकारी तथा जरूरतमन्दों को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश तथा आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' से सम्बन्धित महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। जनप्रतिनिधिगण विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के अभियान तथा प्रबुद्धजन सम्मेलन के साथ जुड़ेंगे। व्यापक जनजागरूकता की दृष्टि से 21 सितम्बर, 2025 को 17 बड़े नगरों में 'नमो मैराथन' का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से हजारों युवा 'फिट इण्डिया मूवमेन्ट' से जुड़कर विकसित भारत के अभियान के साक्षी बनेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान स्वच्छता कार्यक्रम अनवरत चलाये जाएंगे। 25 सितम्बर, 2025 को अन्त्योदय के प्रणेता पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती को भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। 02 अक्टूबर, 2025 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गांधी जयन्ती के अवसर पर खादी वस्तुओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। खादी वस्त्रों को गिफ्ट के रूप में देने के कार्यक्रम किए जाएंगे। प्रधानमंत्री जी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान, एम0एस0एम0ई0 के अन्तर्गत 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना पर आधारित प्रदर्शनी लगायी जाएगी तथा टूलकिट का वितरण किया जाएगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौय तथा श्री ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री कपिल देव अग्रवाल, लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

---------

***PN-CM-Exhibition on PM Birthday-17 September, 2025 (GPO)***